दिनांक 07.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

वार्ड 28 छावनी में साफ–सफाई, स्वास्थ्य शिविर, कीटनाशक दवाई का छिड़काव, अभियान का कलेक्टर श्री उमेश अग्रवाल ने निरीक्षण किया ।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई, जिला चिकित्सालय दुर्ग, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य केन्द्र, महिला एवं बाल विकास दुर्ग के संयुक्त टीम के द्वारा डेंगू नियंत्रण शिविर का आयोजन एवं साफ–सफाई अभियान चलाया गया। उक्त अभियान का कलेक्टर दुर्ग श्री उमेश अग्रवाल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी श्री सुभाष पाण्डे, निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान, जिला मलेरिया अधिकारी श्री एस.के. मंडल के द्वारा वार्ड में पहुॅच कर शिविर का जायजा लेते हुए सफाई व्यवस्था से अवगत हुए। डेंगू बीमारी के बचाव हेतु नागरिकों से अपील करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि घर के कुलर में गंदा पानी का जमाव न होने दे, पानी उबाल कर पीये, घर के आसपास साफ–सफाई व्यवस्था बनाये रखे, आपके वार्डो में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया है। जहां शासकीय चिकित्सक के द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाई का वितरण किया जा रहा है। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि साफ–सफाई की व्यवस्था नियमित रूप से रखें।

नगर पालिक निगम भिलाई के वार्ड क्रमांक 28 छावनी में आयोजत शिविर में 03 नग चलित मोबाईल वेन के साथ स्वास्थ्य जॉच टीम, जोन के सभी सुपरवाईजर, 60 सफाई कर्मचारियों का अमला, दवाई छिड़काव दल, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन के सदस्य, नालियों में मलेरिया ऑयल छिड़काव दल एवं मशीन से धुॅआ छिड़काव के कर्मचारियों के द्वारा वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। वार्ड के नाली–नाला की सफाई करते हुए दवाई का छिड़काव किया गया। मच्छर उन्मूलन हेतु मैलाथियान दवाई का फार्गिंग मशीन के द्वारा धुॅआ, कीटनाशक दवाई का छिड़काव के कार्य के साथ–साथ स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर क्लोरिन टेबेलट का वितरण करते हुए बीमारी से बचाव के उपाय हेतु जागरूकता अभियान चलाते हुए कुलरों से पानी भी खाली किया गया।

निरीक्षण के दौरान संयुक्त अभियान में जिला प्रशासन के अधिकारी, कर्मचारी सहित निगम के जोन क्र. 04 आयुक्त श्री संजय शर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी श्री जावेद अली, तोडफोड़ प्रभारी अधिकारी राजस्व श्री हरचरण सिंह अरोरा, सहायक अभियंता अखिलेश चन्द्राकर, उपयंत्री श्री बंसत साहु, स्वच्छता निरीक्षक श्री महेश मिश्रा, विनोद शुक्ला सहित ऑगनबाड़ी कार्यकर्त्ता एवं मितानिन सदस्य उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी